दिन–शनिवार	दिनांक– 27 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।	अविध– 05 मिनट

---

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कल इन लोकसभा क्षेत्रों से कुल नौ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किये। सीतामढ़ी से जदयू के देवेश चन्द्र ठाकुर और दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। वहीं, मुजफ्फरपुर से भाजपा के राज भूषण निषाद ने पर्चा दाखिल किया। उम्मीदवार तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। वहीं, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। इस चरण के तहत बीस मई को मतदान होना है।

---

इधर, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी है। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा क्षेत्रों के जिलाध्यक्षों, प्रखंड और पंचायत से जुड़े पार्टी के पदाधिकारियों और नेताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करेंगे। यह बैठक जदयू के प्रदेश कार्यालय में शाम पांच बजे से होगी। श्री कुमार बैठक के दौरान पदाधिकारियों को यह बताएंगे कि उनकी सरकार ने विगत अठारह वर्षों में किस तरह से काम किया। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसमें सरकार ने काम नहीं किया। गौरतलब है कि दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए निकलने के पूर्व भी मुख्यमंत्री ने संबंधित लोकसभा क्षेत्र के जदयू पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की थी।

---

सिवान जिले के जीरादेई, रघुनाथपुर और गुठनी सहित अन्य प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविका–सहायिका द्वारा रंगोली, दीवार लेखन और मेहंदी के माध्यम से आम लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया गया।

————————————————————

समस्तीपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत समस्तीपुर जिला समाहरणालय से मेगा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

————————————————————

सहरसा जिले के नौहट्टा में सीडीपीओ द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

————————————————————

अरवल जिले के करपी प्रखंड के चौहर पंचायत में स्वीप के तहत डोर–टू–डोर कार्यक्रम चलाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

————————————————————

जहानाबाद जिले में स्वीप के तहत संध्या चौपाल लगाकर लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित किया गया।

रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत घर–घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई और खगड़िया जिले के कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी भागों के एक–दो स्थानों पर तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त किया है। वहीं, अररिया और किशनगंज जिलों के एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दूसरे दिन शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————

पटना जंक्शन के पास दो होटल में आग लगने से छह लोगों की हुई मौत के मामले में होटल मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला चलेगा। कोतवाली पुलिस ने

प्राथमिकी की विभिन्न धाराओं में बदलाव किया है। पहले इस मामले में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया था।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद भीम सिंह चन्द्रवंशी ने द्वितीय चरण के हुए लोकसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस चुनाव में भी प्रथम चरण की तरह इंडी गठबंधन को मतदाताओं ने नकार दिया है।

———————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

बेगूसराय के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–पचपन के पास दो मोटरसाईकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिया गांव के पास जा रहे पिता–पुत्री को अपराधियों ने दो लोगों गोली मार दी। जिसमें पिता की मौत हो गयी, जबकि पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।